"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/ तक. 114-009/2003/20-01-03."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 34] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 24 अगस्त 2007—भाद्र 2, शक 1929

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 6 अगस्त 2007

क्रमांक ई-1-24/2003/एक/2.—श्री एम. एस. पैकरा, भा. प्र. से. (1991) को प्रवर श्रेणी वेतनमान (रुपये 15100-400-18300) में पदोन्नत किया जाता है. उक्त वेतनमान का लाभ दिनांक 01-01-2004 से देय होगा. श्री पैकरा को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक विशेष सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के पद पर पदस्थ किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
शिवराज सिंह, मुख्य सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2007.

रायपुर, दिनांक 9 अगस्त 2007

क्रमांक-बी-1-5/2007/एक/4.—राज्य शासन, राज्य प्रशासनिक सेवा के स्वीकृत 250 के संवर्ग को बढ़ाकर 296 करने की स्वीकृति प्रदान करता है.

2. संवर्ग में वृद्धि के फलस्वरूप श्रेणीवार विभाजन निम्नानुसार होगा :—

स. क्र.	राज्य प्रशासनिक सेवा संवर्ग में स्वीकृत वेतनमान	राज्य प्रशासनिक सेवा (भरती, वर्गीकरण तथा सेवा शर्तें) नियम, 1975 में निहित प्रावधान अनुसार श्रेणीवार विभाजन का प्रतिशत	निर्धारित प्रतिशत अनुसार श्रेणीवार पदों की कुल संख्या
1.	अधिसमय वेतनमान 16400-450-20000	कुल संवर्ग का 3 प्रतिशत	09
2.	वरिष्ठ प्रवर श्रेणी वेतनमान 14300-400-18300	कुल संवर्ग का 6 प्रतिशत	18
3.	प्रवर श्रेणी वेतनमान 12000-375-16500	कुल संवर्ग का 18 प्रतिशत	53
4.	वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान 10000-325-15200	कुल संवर्ग का 25 प्रतिशत	74
5.	कनिष्ठ श्रेणी वेतनमान 8000-275-13500	कुल संवर्ग का 48 प्रतिशत	142
		कुल योग	**296**

3. उपरोक्तानुसार संवर्ग स्वीकृत होने पर संवर्ग का विभाजन निम्नानुसार होगा :—

(1)	कर्त्तव्य पद :—	(अ)	जिलों के लिए	182
		(ब)	अन्य विभागों के लिए	60
(2)	प्रतिनियुक्ति के लिए	-		31
(3)	अवकाश रक्षित	-		07
(4)	प्रशिक्षण रक्षित	-		16
			योग	**296**

4. इस हेतु वित्त विभाग ने यू. ओ. क्रमांक-553/सी. एन. 9167/बजट-5/वित्त/4/2007, दिनांक 04-07-07 से सहमति प्रदान की है.

रायपुर, दिनांक 9 अगस्त 2007

क्रमांक ई-7/19/2004/1/2.—इस विभाग का समसंख्यक आदेश दिनांक 19-07-2007 द्वारा श्री सी. के. खेतान, भा. प्र. से., सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा ग्रामोद्योग विभाग को दिनांक 28-07-2007 से 31-07-2007 तक (04 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था. श्री खेतान द्वारा दिनांक 28-07-2007 से 30-07-2007 तक (तीन दिवस) का ही अर्जित अवकाश का उपभोग करने के फलस्वरूप दिनांक 31-07-2007 का अर्जित अवकाश एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

रायपुर, दिनांक 10 अगस्त 2007

क्रमांक ई-7/14/2004/1/2.—श्री नारायण सिंह, भा. प्र. से., सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सहकारिता विभाग को दिनांक 13-08-2007 से 07-09-2007 तक (26 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 11, 12 अगस्त, 2007 एवं 8, 9 सितम्बर, 2007 के सार्वजनिक अवकाश को भी जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री सिंह आगामी आदेश तक सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, सहकारिता विभाग के पद पर पुन: पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री सिंह को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. के. बाजपेयी, उप-सचिव.

विधि एवं विधायी कार्य विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 13 अगस्त 2007

क्रमांक 7061/2462/21-ब/छ. ग./2007.—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री सुधीर शर्मा, अधिवक्ता, जांजगीर-चांपा को नियमित न्यायालय जांजगीर-चांपा में शासन की ओर से पैरवी करने के लिए उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की कालावधि के लिए लोक अभियोजक नियुक्त करता है.

किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर यह नियुक्ति समाप्त की जा सकती है.

रायपुर, दिनांक 13 अगस्त 2007

क्रमांक 7065/2460/21-ब/छ. ग./2007.—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री कृष्ण कुमार गबेल, अधिवक्ता, सक्ती को नियमित न्यायालय सक्ती में शासन की ओर से पैरवी करने के लिए उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि के लिए जांजगीर-चांपा जिले के सक्ती तहसील के लिए अतिरिक्त लोक अभियोजक नियुक्त करता है.

किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर यह नियुक्ति समाप्त की जा सकती है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक कुमार पोद्दार, उप-सचिव.

रायपुर, दिनांक 14 अगस्त 2007

क्रमांक 7104/डी-2457/21-ब/छ. ग./2007.—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री दयाशंकर तिवारी, अधिवक्ता, अंबिकापुर को फास्ट ट्रेक कोर्ट प्रतापपुर में शासन की ओर से पैरवी करने के लिए उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की कालावधि के लिए या फास्ट ट्रेक कोर्ट समाप्ति तक, जो अवधि पहले आये शासन द्वारा देय पारिश्रमिक पर अतिरिक्त लोक अभियोजक नियुक्त करता है.

किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर यह नियुक्ति समाप्त की जा सकती है.

रायपुर, दिनांक 14 अगस्त 2007

क्रमांक 7106/डी-2456/21-ब/छ. ग./2007.—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये राज्य शासन, एतद्द्वारा डॉ. नागेन्द्र शर्मा, अधिवक्ता, दुर्ग को फास्ट ट्रेक कोर्ट दुर्ग में शासन की ओर से पैरवी करने के लिए उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की कालावधि के लिए या फास्ट ट्रेक कोर्ट समाप्ति तक, जो अवधि पहले आये शासन द्वारा देय पारिश्रमिक पर अतिरिक्त लोक अभियोजक नियुक्त करता है.

किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर यह नियुक्ति समाप्त की जा सकती है.

रायपुर, दिनांक 14 अगस्त 2007

क्रमांक 7110/डी-2456/21-ब/छ. ग./2007.—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये राज्य शासन, एतद्द्वारा कु. फरिहा अमीन, अधिवक्ता, दुर्ग को फास्ट ट्रेक कोर्ट दुर्ग में शासन की ओर से पैरवी करने के लिए उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की कालावधि के लिए या फास्ट ट्रेक कोर्ट समाप्ति तक, जो अवधि पहले आये शासन द्वारा देय पारिश्रमिक पर अतिरिक्त लोक अभियोजक नियुक्त करता है.

किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर यह नियुक्ति समाप्त की जा सकती है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. पाठक, उप-सचिव.

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 13 अगस्त 2007

क्रमांक एफ 1-31/खाद्य/2003/29.—राज्य शासन एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम, रायपुर हेतु 01 कंपनी सचिव तथा 71 कनिष्ठ तकनीकी सहायक के पदों को सेवा भर्ती नियमानुसार भरे जाने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. सहायक लेखाधिकारी के 08 पद संचालनालय, कोष एवं लेखा से प्रतिनियुक्ति से भरे जावें. कम्प्यूटर प्रोग्रामर का 01 तथा सहायक कम्प्यूटर प्रोग्रामर के 02 पदों को संविदा नियम 2004 अनुसार संविदा से भरे जाने की अनुमति दी जाती है.

3. वरिष्ठ लेखाधिकारी के 01 पद पर नियुक्ति की जा चुकी है तथा 12 लेखापाल के पद सेवा भर्ती नियमानुसर पदोन्नति के होने के कारण 12 लेखापालों के पदों पर सीधी भर्ती की अनुमति संबंधी प्रस्ताव अमान्य किया जाता है.

4. उक्त पदों की स्वीकृति के संबंध में वित्त विभाग के यू. ओ. जावक क्रमांक 627/सी. एन. 6663/ब-5/वित्त/चार/07, दिनांक 26-07-2007 द्वारा सहमति प्रदान की गई है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. एस. अनन्त, विशेष सचिव.

ऊर्जा विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 13 अगस्त 2007

संशोधन

क्रमांक 1858/13/ऊ. वि./2007.—राज्य शासन एतद्द्वारा विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 4 और 5 के अंतर्गत अधिसूचना क्रमांक 1138/13/ऊ. वि./2007, दिनांक 25-5-2007 से जारी किये गये राज्य के लिये ग्रामीण विद्युतीकरण योजना में संलग्न अनुसार संशोधन अधिसूचित करती है.

2. यह संशोधन तत्काल प्रभावशील होगी.

Raipur, the 13th August 2007

AMENDMENT

No. 1858/13/ED/2007.—This has referrence to Rural Electrification Plan for Chhattisgarh, notified vide No. 1138/13/Energy Deptt/2007 Raipur dated 25-05-07. There is a typographical error in the table shown in column No. 12.3 of said plan. Accordingly, the following amendments are required :–

(1) Deletion of entries under Sl. No. 1 (iii) De-electrified.

(2) Due to deletion as stated above in (1), the entries against Sl. No. 2 Total (in Nos.) and Note :1, shall require correction.

In view of these amendments, the modified corrected table is reproduced below and shall form the part of said notification :—

Sl. No.	Mode of Electrification	Target					
		2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	Total
1.	By Conventional means						
	(i) Un-electrified	30	30	30	--	--	90
	(ii) Un-electrified due to new definition.	200	460	500	438	438	2036
2.	**Total (in Nos.)**	**230**	**490**	**530**	**438**	**438**	**2126**
3.	Funds required (Rs. In Cr.) for conventional.	28.30	59.00	63.50	48.30	48.30	247.40
4.	**Total (Rs. In Cr.)**	**28.30**	**59.00**	**63.50**	**48.30**	**48.30**	**247.40**

Note : 1. @ Rs. 11.64 lakh per Village for Conventional.

2. Electrification of Villages through non-conventional is proposed to be done by CREDA through assistance from MNRE.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
देवासीष दास, विशेष सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 10 अगस्त 2007

क्रमांक-1488/1532/32/06.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 23 (क) की उप धारा (2) के अंतर्गत सूचना क्रमांक-921/1532/32/2007, दिनांक 21-05-2007 द्वारा रायपुर विकास योजना में निम्नानुसार उपांतरण प्रस्तावित किया गया है, जिसकी सूचना दो समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी.

रायपुर विकास योजना के उपांतरण प्रस्ताव

क्र.	ग्राम का नाम	खसरा क्र.	रकबा	विकास योजना अंगीकृत में भू-उपयोग का विवरण	अधिनियम की धारा 23 "क" के तहत उपांतरण के प्रस्ताव
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	मठपुरैना प. ह. नं.-105	14/2, 14/3 14/1, 24 25/1	0.306 10.768 0.258	आवासीय आवासीय एवं आमोद प्रमोद आमोद-प्रमोद एवं मार्ग	यातायात एवं परिवहन (बस स्थानक)
			11.332 हे. में से 10.19 हे.		

सूचना में उल्लेखित निश्चित समयावधि के भीतर कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं. अतः राज्य शासन एतद्द्वारा रायपुर विकास योजना में उपरोक्त उपांतरण की पुष्टि करता है तथा सूचित करता है कि यह उपांतरण रायपुर विकास योजना का अंगीकृत भाग होगा.

रायपुर, दिनांक 10 अगस्त 2007

क्रमांक-1491/593/32/07.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 23 (क) की उप धारा (2) के अंतर्गत सूचना क्रमांक-714/593/32/2007, दिनांक 19-04-2007 द्वारा रायपुर विकास योजना में निम्नानुसार उपांतरण प्रस्तावित किया गया है, जिसकी सूचना दो समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी.

रायपुर विकास योजना के उपांतरण प्रस्ताव

क्र.	ग्राम का नाम	खसरा क्र.	रकबा	विकास योजना अंगीकृत में भू-उपयोग का विवरण	अधिनियम की धारा 23 "क" के तहत उपांतरण के प्रस्ताव
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	रायपुरा प. ह. नं.-140	128/1 एवं 128/3	3.052 हे.	कृषि	आवासीय

सूचना में उल्लेखित निश्चित समयावधि के भीतर कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं. अतः राज्य शासन एतद्द्वारा रायपुर विकास योजना में उपरोक्त उपांतरण की पुष्टि करता है तथा सूचित करता है कि यह उपांतरण रायपुर विकास योजना का अंगीकृत भाग होगा.

रायपुर, दिनांक 10 अगस्त 2007

क्रमांक-1494/26/32/07.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 23 (क) की उप धारा (2) के अंतर्गत सूचना क्रमांक-908/26/32/2007, दिनांक 18-05-2007 द्वारा रायपुर विकास योजना में निम्नानुसार उपांतरण प्रस्तावित किया गया है, जिसकी सूचना दो समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी.

रायपुर विकास योजना के उपांतरण प्रस्ताव

क्र.	ग्राम का नाम	खसरा क्र.	रकबा	विकास योजना अंगीकृत में भू-उपयोग का विवरण	अधिनियम की धारा 23 "क" के तहत उपांतरण के प्रस्ताव
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	मठपुरैना प. ह. नं.-105	34/1 तथा 34/7 का भाग	20000.00 वर्गफुट	आमोद-प्रमोद	सार्वजनिक/अर्द्ध सार्वजनिक (कार्यालय)

सूचना में उल्लेखित निश्चित समयावधि के भीतर कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं. अतः राज्य शासन एतद्द्वारा रायपुर विकास योजना में उपरोक्त उपांतरण की पुष्टि करता है तथा सूचित करता है कि यह उपांतरण रायपुर विकास योजना का अंगीकृत भाग होगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. एस. बजाज, विशेष सचिव.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 3 अगस्त 2007

क्रमांक एफ 8-4/2007/11/6.—इंडियन बायलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34 (2) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा एन. टी. पी. सी. कोरबा के बायलर क्रमांक-एम. पी./3748 को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6 (सी) के उपबंधों के प्रवर्तन से दिनांक 01-08-2007 से 30-09-2007 तक की छूट प्रदान करता है :—

(1) संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बायलर अधिनियम, 1923 की धारा 18 (1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर निरीक्षक/मुख्य निरीक्षक, वाष्पयंत्र छत्तीसगढ़ को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

(2) उक्त अधिनियम की धारा 12 तथा 13 की अपेक्षानुसार मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र छत्तीसगढ़ के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

(3) संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि वह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

(4) नियतकालीन सफाई और नियमित रूप से गैस निकालने (रेगुलर ब्लोडाउन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

(5) छत्तीसगढ बायलर निरीक्षण नियम, 1966 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क देय होने पर अग्रिम दी जावेगी, एवं

(6) यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापिस ले सकता है.

रायपुर, दिनांक 4 अगस्त 2007

क्रमांक एफ 1-17/2006/11/ (6).—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 08-06-2007 द्वारा श्री एस. सी. कानकिया उप संचालक उद्योग/महाप्रबंधक को संयुक्त संचालक/मुख्य महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नत कर मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केन्द्र दुर्ग के पद पर पदस्थ किया गया है.

2. विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के आधार पर राज्य शासन एतद्द्वारा निम्नलिखित उप संचालकों, को उनके कनिष्ठ श्री कनकिया द्वारा पदोन्नति पद का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक 12-06-2007 से संयुक्त संचालक उद्योग/मुख्य महाप्रबंधक के पद पर वेतनमान रुपये 12000-375-16500 में पदोन्नत कर नियुक्त किया जाता है तथा उन्हें उनके नाम के सम्मुख दर्शाये पदों पर पदस्थ किया जाता है :—

क्र.	अधिकारी का नाम तथा वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना
1.	श्री के. के. गांगुली, उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़ रायपुर.	उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़ रायपुर
2.	श्री अविनाश भटनागर, वाष्पयंत्र निरीक्षकालय, छ. ग. रायपुर.	उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़ रायपुर में पदस्थ कर वाष्पयंत्र निरीक्षकालय में पूर्ववत् कार्य करने हेतु संलग्न किया जाता है.
3.	श्री यू. सी. पौण्डे, उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़ रायपुर.	मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र-रायपुर

3. श्री अविनाश भटनागर, संयुक्त संचालक, के वेतन भत्तों का आहरण उद्योग संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा किया जावेगा.

4. उपरोक्त पदोन्नति के फलस्वरूप उनका वेतन निर्धारण काल्पनिक आधार पर किया जायेगा. पदोन्नति पद का कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व तक का "कार्य नहीं वेतन नहीं" इस सिद्धांत के आधार पर कोई वेतन अवशेष देय नहीं होगा. तद्नुसार इन्हें पदोन्नति पद का वास्तविक लाभ इनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से देय होगा.

5. प्रमाणित किया जाता है कि इस पदोन्नति के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम 2003 के अधीन निर्धारित आरक्षण (रोस्टर) का पालन किया गया है.

रायपुर, दिनांक 10 अगस्त 2007

क्रमांक एफ 8-7/2007/11/6.—इंडियन बायलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34 (2), के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा मेसर्स प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमि. जांजगीर-चांपा के बायलर क्रमांक-सी. जी./34 की निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6 (सी) के उपबंधों के प्रवर्तन से दिनांक 12-08-2007 से 11-02-2008 तक की छूट प्रदान करता है :—

(1) संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बायलर अधिनियम, 1923 की धारा 18 (1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर निरीक्षक/मुख्य निरीक्षक, वाष्पयंत्र छत्तीसगढ़ को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

(2) उक्त अधिनियम की धारा 12 तथा 13 की अपेक्षानुसार मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र छत्तीसगढ़ के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

(3) संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि वह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

(4) नियतकालीन सफाई और नियमित रूप से गैस निकालने (रेगुलर ब्लोडाउन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

(5) छत्तीसगढ़ बायलर निरीक्षण नियम, 1966 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क देय होने पर अग्रिम दी जावेगी, एवं

(6) यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापिस ले सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
शंकर राव ब्राहम्णे, उप-सचिव.

खेल एवं युवा कल्याण विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 6 अगस्त 2007

क्रमांक एफ 10-3/2003/9.--खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा समसंख्यक क्रमांक, दिनांक 19 सितम्बर 2003 को जारी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों/निर्णायकों को पुरस्कार नियम 2004 में समसंख्यक क्रमांक, दिनांक 18 जुलाई 2006 से संशोधन एवं परिवर्धन किया गया है. उक्त नियम में समसंख्यक क्रमांक से संशोधन एवं परिवर्धन कर राज्य शासन एतद्द्वारा नियम बनाता है:

1. **संक्षिप्त नाम—**
ये नियम खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों/निर्णायकों को पुरस्कार नियम 2004 कहलाएंगे. जिसके अंतर्गत निम्नांकित पुरस्कार दिए जाएंगे. ये नियम सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में शासन द्वारा प्रकाशन दिनांक से प्रभावशील होंगे.

1.1 शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार

1.2 शहीद कौशल यादव पुरस्कार

1.3 वीर हनुमान सिंह पुरस्कार

1.4 खेल विभूति सम्मान

2. **परिभाषाएं—**
इस नियम में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो.

2.1 राज्य से तात्पर्य, छत्तीसगढ़ राज्य से है.

2.2 शासन से तात्पर्य, छत्तीसगढ़ शासन से है.

2.3 विभाग से तात्पर्य, खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन मंत्रालय से है.

2.4 संचालनालय से तात्पर्य, संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण से है.

2.5 अंतर्राष्ट्रीय खेल महासंघ से तात्पर्य, एशियाई या विश्व स्तर से खेल महासंघ से है जो अपने कार्य क्षेत्र में संबंधित खेल की प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु सक्षम संस्था द्वारा अधिकृत किया गया है तथा राष्ट्रीय खेल संघ उसकी संलग्नता प्राप्त इकाई हो.

2.6 राष्ट्रीय खेल संघ से तात्पर्य, राष्ट्रीय स्तर पर संबंधित खेल का आयोजन करने हेतु भारतीय ओलम्पिक संघ या युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था से हैं. यदि भारतीय ओलम्पिक संघ तथा भारत सरकार द्वारा अलग-अलग संघों को मान्यता प्रदान की गई हो तो भारत सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था से है.

2.7 राज्य खेल संघ से तात्पर्य, राष्ट्रीय खेल संघ की राज्य इकाई से है.

2.8 अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता से तात्पर्य, ओलम्पिक, एशियाड, विश्व चैम्पियनशिप, विश्वकप, एशियन चैम्पियनशिप अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच (टेस्ट, एक दिवसीय) एवं ऐसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता जिसमें भारतीय दल के भाग लेने हेतु भारत सरकार द्वारा अनुमति/वित्तीय सहायता प्रदान की गई है.

2.9 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप से तात्पर्य, राष्ट्रीय खेल संघ द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित उस प्रतियोगिता से है जिसका विजेता उस वर्ष के लिए अधिकृत तौर पर राष्ट्रीय विजेता कहलाता है.

2.10 राज्य चैम्पियनशिप से तात्पर्य, राज्य खेल संघ द्वारा राज्य स्तर पर आयोजित उस प्रतियोगिता से है जिसका विजेता उस वर्ष के लिए अधिकृत तौर पर राज्य विजेता कहलाता है.

2.11 पुरस्कार वर्ष से तात्पर्य, उस वर्ष से है जिस वर्ष के लिए पुरस्कार की अनुशंसा की गई है.

2.12 उपलब्धि वर्ष से तात्पर्य, संबंधित की उपलब्धियां प्राप्त करने के उन वर्षों से हैं जो किसी पुरस्कार विशेष के लिए निर्णय हेतु नियमानुसार विचार के लिए जाएंगे.

2.13 सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता से तात्पर्य, उस प्रतियोगिता से है जिसमें भाग लेने हेतु आयु संबंधी किसी प्रकार की शर्तें न हो.

2.14 जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता से तात्पर्य, राष्ट्रीय खेल संघ द्वारा अपने खेल के लिए जूनियर वर्ग (कनिष्ठ) हेतु घोषित आयु सीमा के खिलाड़ियों के लिए आयोजित प्रतियोगिता से है.

2.15 प्रशिक्षक से तात्पर्य, ऐसे व्यक्ति से है जो किसी खेल के नियमित अभ्यास केन्द्र में नियमित रूप से खिलाड़ियों को संबंधित खेल का प्रशिक्षण प्रदान करता है. इसके लिए उसके पास राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान से, पत्रोपाधि होना या प्रशिक्षक पदनाम से किसी संस्थान में सेवारत होना आवश्यक नहीं होगा.

2.16 निर्णायक से तात्पर्य, किसी खेल के राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय महासंघ से अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक का प्रमाण-पत्र प्राप्त व्यक्ति से है.

2.17 पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश से तात्पर्य, राज्य खेल संघ के दृष्टिकोण से अविभाजित मध्यप्रदेश से है.

3. **पुरस्कार से संबंधित खेल—**
यह पुरस्कार इस नियम में उल्लेखित पात्रता रखने वाले ऐसे खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों/निर्णायकों को दिए जा सकेंगे जो निम्नलिखित खेल में से किसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे.

3.1 ऐसे खेल जो ओलम्पिक में सम्मिलित किए गए हैं.

3.2 ऐसे खेल जो राष्ट्रमण्डलीय खेल में सम्मिलित किए गए हैं.

3.3 ऐसे खेल जो एशियाड में सम्मिलित किए गए हैं.

3.4 ऐसे खेल जो राष्ट्रीय खेल में सम्मिलित किए गए हैं.

3.5 उपरोक्त में सम्मिलित ऐसे खेलों को ही विचार में लिया जाएगा जिन पर प्राप्त होने वाला पदक संबंधित आयोजन की पदक तालिका में क्रम निर्धारण हेतु सम्मिलित किया जाता है.

3.6 ऐसे खेल जिन्हें अखिल भारतीय विश्वविद्यालय परिसंघ द्वारा विश्वविद्यालयीन खेलों में सम्मिलित किया गया है.

3.7 ऐसे खेल जिन्हें भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर दिए जाने वाले खेल पुरस्कार के लिए विचार क्षेत्र में लिया जाता है.

4. उद्देश्य—

4.1 **शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार—**
राज्य के सीनियर वर्ग के सर्वोत्कृष्ट खिलाड़ियों को जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का गौरव बढ़ाया है, उन्हें खेल के क्षेत्र में राज्य को दी गई उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित करना ताकि समाज में उन्हें और अधिक सम्मान एवं महत्व प्राप्त हो सके तथा राज्य के अन्य खिलाड़ी उनसे प्रेरणा प्राप्त कर सकें.

4.2 **शहीद कौशल यादव पुरस्कार—**
राज्य के जूनियर वर्ग के सर्वोत्कृष्ट खिलाड़ियों को जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का गौरव बढ़ाया है, उन्हें खेल के क्षेत्र में किए गए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को पुन: दोहराने एवं सीनियर वर्ग में भी सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित करना.

4.3 **वीर हनुमान सिंह पुरस्कार—**
राज्य के खेल प्रशिक्षकों को, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ी तैयार किए हैं, या राज्य के खेल निर्णायकों को जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल प्रतिस्पर्धाओं में निर्णयन कार्य सम्पन्न कर राज्य एवं राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है, उन्हें खेल के क्षेत्र में राज्य को दी गई उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित करना ताकि समाज में उन्हें और अधिक सम्मान एवं महत्व प्राप्त हो सके तथा राज्य में खेल संस्कृति के विकास को प्रोत्साहन मिल सके.

4.4 **खेल विभूति सम्मान—**
राज्य के खिलाड़ी, प्रशिक्षक, खेल से जुड़े हुए व्यक्तियों को जिन्होंने अपने सक्रिय खेल जीवन में तथा सक्रिय खेल जीवन के पश्चात् भी खेलों के विकास, खेल संगठन, खेल आयोजन, खेल साहित्य सृजन, खेल प्रशिक्षण में निरंतर सेवा प्रदान करते हुए कार्य किया है, उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित करना है, ताकि समाज में उन्हें और अधिक सम्मान एवं महत्व प्राप्त हो सके तथा राज्य में खेल संस्कृति के विकास को प्रोत्साहन मिल सके.

5. पुरस्कार—

5.1 **शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार—**
(अ) प्रत्येक वर्ष अधिकतम पांच पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे.

(ब) एक वर्ष में एक खेल में केवल एक पुरस्कार ही दिया जाएगा.

(स) पुरस्कार में प्रत्येक खिलाड़ी को राशि रुपए दो लाख पच्चीस हजार नगद, मानपत्र, अलंकरण फलक, ब्लेजर एवं टाई से अलंकृत किया जाएगा.

5.2 **शहीद कौशल यादव पुरस्कार—**
(अ) प्रत्येक वर्ष अधिकतम पांच पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे.

(ब) एक वर्ष में एक खेल में केवल एक पुरस्कार ही दिया जाएगा.

(स) पुरस्कार में प्रत्येक खिलाड़ी को राशि रुपए एक लाख नगद, मानपत्र, अलंकरण फलक, ब्लेजर एवं टाई से अलंकृत किया जाएगा.

टिप्पणी: शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार एवं शहीद कौशल यादव पुरस्कार व्यक्तिगत खेल विधा के मामले में व्यक्तिगत खिलाड़ी को तथा दलीय खेल के मामले में एक से अधिक खिलाड़ियों को दिया जा सकेगा. दलीय खेल के मामले में यदि पुरस्कार का निर्णय अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन के आधार पर किया जा रहा हो तो वे सभी खिलाड़ी जिन्होंने एक समान रूप से एक ही समय में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया हो सम्मिलित रूप से पुरस्कार प्राप्त करेंगे. यदि पुरस्कार का निर्णय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उपलब्धि के आधार पर किया जा रहा हो तो दल के सभी खिलाड़ी यथा परिकल्पित पुरस्कार प्राप्त करेंगे. इस स्थिति में पुरस्कार की राशि खिलाड़ियों में समान रूप से इस प्रकार वितरीत की जाएगी कि उसका सम्मिलित मूल्य पुरस्कार राशि से अधिक न हो सभी खिलाड़ियों को मानपत्र, अंलकरण फलक, ब्लेजर एवं टाई से अंलकृत किया जावेगा.

5.3 **वीर हनुमान सिंह पुरस्कार—**

(अ) प्रत्येक वर्ष एक प्रशिक्षक एवं एक निर्णायक को प्रदान किया जा सकेगा.

(ब) पुरस्कारग्राही को राशि रु. एक लाख नगद, मानपत्र, अलंकरण फलक, ब्लेजर एवं टाई से अलंकृत किया जायेगा.

5.4 **खेल विभूति सम्मान—**

(अ) प्रत्येक वर्ष पात्रता रखने वाले समस्त खेल विभूतियों को प्रदान किया जाएगा.

(ब) सम्मानग्राही को राशि रुपए पच्चीस हजार नगद, मानपत्र, अलंकरण फलक, शॉल से अंलकृत किया जाएगा.

5.5 उपरोक्त चारों प्रकार के पुरस्कारग्राहियों को उनके निवास स्थल से समारोह स्थल तक दोनों ओर का न्यूनतम दूरी का वास्तविक रेल/बस किराया तथा रुपए एक सौ प्रतिदिन के मान से दैनिक भत्ता प्राप्त करने की पात्रता होगी.

5.6 पुरस्कारग्राहियों के लिए आवास, भोजन एवं परिवहन व्यवस्था की जाएगी.

6. **पात्रता—**

6.1 **शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार**

6.1 (अ) खिलाड़ी ने विगत पांच वर्षों में निम्नलिखित उपलब्धियां प्राप्त की हो.

व्याख्या- विगत पांच वर्षों की गणना पुरस्कार वर्ष को सम्मिलित करते हुए की जाएगी.

1. सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या राष्ट्रीय खेलों में कम से कम एक बार स्वर्ण पदक या रजत पदक या कांस्य पदक प्राप्त किया हो.

या

दलीय खेलों में सीनियर वर्ग की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया हो.

व्याख्या- व्यक्तिगत खेल के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी को राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या राष्ट्रीय खेल में प्रथम या द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त करना अनिवार्य होगा.

2. उसने पुरस्कार वर्ष में छत्तीसगढ़ राज्य का सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या राष्ट्रीय खेल में प्रतिनिधित्व किया हो.

3. उसने पुरस्कार वर्ष के अतिरिक्त अन्य विचारणीय वर्षों में कम से कम दो बार राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया हो. इस प्रकार उसने कम से कम तीन बार पृथक-पृथक वर्षों में उपरोक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की ओर से भाग लिया हो.

(ब) राज्य के ऐसे खिलाड़ी जिनकी उपरोक्त उपलब्धि पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्राप्त हुई है वे भी इस पुरस्कार के लिए पात्र होंगे यदि प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु उनका चयन संबंधित खेल के मध्यप्रदेश राज्य संघ की संलग्नता प्राप्त छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा में कार्यरत इकाई के माध्यम से हुआ हो.

(स) राज्य के ऐसे खिलाड़ी जिन्हें पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश की ओर से खेलते हुए म. प्र. शासन द्वारा विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है वे खिलाड़ी इस पुरस्कार के लिए तभी पात्र होंगे जब उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से खेलते हुए उपरोक्तानुसार, पदक प्राप्त किया हो या अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया हो साथ ही राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पुरस्कार वर्ष को सम्मिलित करते हुए तीन बार छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया हो.

(द) अर्जुन पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार प्राप्त करने हेतु अनुशंसा नहीं की जा सकेगी.

6.2 **शहीद कौशल यादव पुरस्कार**

(अ) खिलाड़ी ने विगत तीन वर्षों में निम्नलिखित उपलब्धियां प्राप्त की हो.

व्याख्या- विगत तीन वर्षों की गणना पुरस्कार वर्ष को सम्मिलित करते हुए की जाएगी. दलीय खेलों के संदर्भ में दल की उपलब्धियां संबंधित खिलाड़ी की उपलब्धियां मानी जाएंगी.

1. जूनियर वर्ग की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कम से कम एक बार स्वर्ण पदक या रजत पदक या कांस्य पदक प्राप्त किया हो.

या

दलीय खेलों में जूनियर वर्ग की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया हो.

व्याख्या- व्यक्तिगत खेल के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी को जूनियर वर्ग की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में प्रथम या द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त करना अनिवार्य होगा.

2. उसने पुरस्कार वर्ष में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप (जूनियर या सीनियर वर्ग) या राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया हो.

(ब) राज्य के ऐसे खिलाड़ी जिनकी उपरोक्त उपलब्धि पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्राप्त हुई है, वे भी इस पुरस्कार के लिए पात्र होंगे यदि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु उनका चयन संबंधित खेल के मध्यप्रदेश राज्य संघ की संलग्नता प्राप्त छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा में कार्यरत इकाई के माध्यम से हुआ हो.

(स) राज्य के ऐसे खिलाड़ी जिन्हें पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश की ओर से खेलते हुए म. प्र. शासन द्वारा एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है वे खिलाड़ी इस पुरस्कार के लिए तभी पात्र होंगे जब उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से खेलते हुए उपरोक्तानुसार पात्रता अर्जित की हो.

(द) अर्जुन पुरस्कार एवं शहीद पाण्डे पुरस्कार प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार प्राप्त करने हेतु अनुशंसा नहीं की जा सकेगी.

6.3 **वीर हनुमान सिंह पुरस्कार**

(अ) प्रशिक्षक को पुरस्कार के लिए चयनित करने हेतु निम्नांकित नियम होंगे-

1. प्रशिक्षक द्वारा कम से कम विगत पांच वर्षों से छत्तीसगढ़ राज्य सीमा में प्रशिक्षण कार्य किया जा रहा हो.

2. प्रशिक्षक की कम से कम पांच एवं अधिक से अधिक दस वर्षों की उपलब्धियों का आंकलन किया जाएगा.

3. व्यक्तिगत खेलों के संदर्भ में प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षित, राज्य के खिलाड़ियों ने विगत दस वर्षों की अवधि में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या राष्ट्रीय खेलों में पांच पदक प्राप्त किया हो.

या

प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षित, राज्य के कम से कम तीन खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया हो.

व्याख्या- उपरोक्त उपलब्धियों में सीनियर एवं जूनियर दोनों वर्गों की उपलब्धियां सम्मिलित की जाएंगी.

- पांच पदकों की गणना में कम से कम एक पदक सीनियर वर्ग में होना चाहिए.
- स्वर्ण, रजत या कांस्य पदक को इस नियम के अंतर्गत पदक माना जाएगा.
- पांच पदकों की उपलब्धियां कम से कम तीन पृथक-पृथक खिलाड़ियों द्वारा या कम से कम तीन पृथक-पृथक वर्षों में प्राप्त की गई हो. (दलीय खेलों के संदर्भ में यह बिंदु लागू नहीं होगा).

4. दलीय खेलों के संदर्भ में विगत दस वर्षों की अवधि में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या राष्ट्रीय खेलों में पांच पृथक-पृथक बार पदक जीतने वाले दलों में प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ियों की संख्या प्रत्येक दल में कम से 40 प्रतिशत हो.

या

प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षित, कम से कम सात खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया हो.
(**व्याख्या**- नियम 6.3, ब-3 की व्याख्या के अनुसार)

5. राज्य के ऐसे प्रशिक्षक जिनके द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ियों की उपलब्धि पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्राप्त हुई हैं, वे भी इस पुरस्कार के लिए पात्र होंगे. यदि उनके द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ियों का चयन संबंधित खेल के मध्यप्रदेश राज्य संघ की संलग्नता प्राप्त छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा में कार्यरत इकाई के माध्यम से हुआ है.

6. राज्य के ऐसे प्रशिक्षक जिन्हें मध्यप्रदेश शासन द्वारा विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है वे इस पुरस्कार के लिए तभी पात्र होंगे जब छत्तीसगढ़ की ओर से खेलते हुए उसके द्वारा प्रशिक्षित खिलाड़ियों ने उपरोक्तानुसार उपलब्धियां प्राप्त की हों तथा प्रशिक्षक ने छत्तीसगढ़ की ओर से खेलने वाले खिलाड़ियों को विगत पांच वर्षों में निरंतर प्रशिक्षण प्रदान किया हो.

7. ऐसे प्रशिक्षक जो उपलब्धि वर्ष एवं पुरस्कार वर्ष में संबंधित राज्य खेल संघ के पदाधिकारी (अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष) रहें हो वे इस पुरस्कार के पात्र नहीं होंगे. यह कंडिका उन प्रशिक्षकों पर लागू नहीं होगी जिन प्रशिक्षकों को राष्ट्रीय खेल संघ द्वारा भारतीय दल का प्रशिक्षक नियुक्त/मनोनीत किया गया हो तथा प्रशिक्षक द्वारा भारतीय दल को प्रशिक्षित करने के पश्चात् संबंधित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय दल के साथ भाग लिया हो.

(ब) निर्णायकों के लिए निम्नलिखित नियम होंगे-

1. राज्य के निर्णायक द्वारा कम से कम विगत पांच वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में निर्णयन कार्य किया जा रहा हो.

2. निर्णायक की कम से कम पांच एवं अधिक से अधिक दस वर्षों की उपलब्धियों का आंकलन किया जाएगा.

3. उसने राष्ट्रीय महासंघ या आयोजन समिति या संबंधित अंतर्राष्ट्रीय खेल महासंघ द्वारा निर्णयन कार्य हेतु आमंत्रित किए जाने पर तीन पृथक-पृथक अवसरों में विदेशों में आयोजित, एक ही खेल की, तीन पृथक-पृथक अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं, जिसमें कम से कम एक प्रतियोगिता सीनियर वर्ग की हो, में निर्णयन कार्य सम्पन्न किया हो.

6.4 **खेल विभूति सम्मान**

(अ) यह खिलाड़ी या प्रशिक्षक को दिया जाएगा.

(ब) संबंधित की उम्र 55 वर्ष या अधिक हो.

(स) वह निरंतर खेल के क्षेत्र में खिलाड़ी के रूप में या प्रशिक्षण कार्य में संलग्न रहा हो.

(द) उसे खेल के क्षेत्र में पूर्व में विभाग द्वारा कोई पुरस्कार नहीं दिया गया हो.

(इ) संबंधित ने अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या संबंधित ने ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल के क्षेत्र में की हो, जिसके आधार पर उन्हें सम्मानित किए जाने हेतु विचार किया जाए.

6.5 उपरोक्त पुरस्कारों के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक/भागीदारी के आधार पर दावेदारी तभी प्रस्तुत की जा सकेगी जब संबंधित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु संबंधित का यात्रा व्यय केन्द्र सरकार/प्रतियोगिता के आयोजक/संबंधित राष्ट्रीय या राज्य खेल संघ द्वारा वहन किया गया हो. स्वयं के यात्रा व्यय या राज्य शासन के कोष से किसी भी प्रकार से यात्रा व्यय हेतु आर्थिक सहायता प्राप्त करके अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी/प्रशिक्षक/निर्णायक इन पुरस्कारों के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक/भागीदारी को आधार बनाकर पात्र नहीं हो सकेंगे.

7. प्राथमिकता क्रम—

पुरस्कारों के निर्णयन हेतु जहां आवश्यक हो निम्नांकित प्राथमिकता क्रम होगा.

7.1 क्रमशः ओलम्पिक, विश्व चैम्पियनशिप/विश्वकप, एशियाड, राष्ट्रमण्डल खेलों में स्वर्ण/रजत/कांस्य पदक भागीदारी.

7.2 व्यक्तिगत खेलों में अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण/रजत/कांस्य पदक.

7.3 व्यक्तिगत खेलों में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक.

7.4 व्यक्तिगत खेलों में अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक भागीदारी.

7.5 दलीय खेलों में अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक/भागीदारी.

7.6. दलीय खेलों में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक.

7.7 व्यक्तिगत खेलों में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में रजत पदक.

7.8 दलीय खेलों में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में रजत पदक.

7.9 व्यक्तिगत खेलों में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कांस्य पदक.

7.10 दलीय खेलों में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कांस्य पदक.

7.11 व्यक्तिगत एवं दलीय खेल के लिए राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में प्राप्त पदक हेतु उपरोक्त में जो क्रम निर्धारित है, उसी क्रम से राष्ट्रीय खेलों में प्राप्त पदक.

8. विचार क्षेत्र—

8.1 पुरस्कार हेतु वर्ष की गणना 01 अप्रैल से 31 मार्च होगी.

8.2 यदि चयन समिति की राय में किसी विशेष वर्ष में किसी पुरस्कार विशेष को पाने योग्य प्रदर्शन नहीं होता है तो उस वर्ष पुरस्कारों के लिए निर्धारित संख्या को शून्य की सीमा तक कम किया जा सकता है.

8.3 किसी एक खेल में कोई पुरस्कार विशेष किसी खिलाड़ी/प्रशिक्षक/निर्णायक को उसके जीवनकाल में केवल एक बार दिया जाएगा. दलीय खेल के मामले में एक दल को पुरस्कार मिलने के पश्चात् उस दल की कुल खिलाड़ी संख्या के आधे खिलाड़ी बदलने के पश्चात्, पात्रता होने पर संबंधित दल को पुरस्कार हेतु पुनः विचार में लिया जा सकेगा.

8.4 यह पुरस्कार मरणोपरांत भी दिया जा सकता है, इस स्थिति में नगद राशि, मानपत्र, अलंकरण फलक सम्मानित खिलाड़ी/प्रशिक्षक/निर्णायक के कानूनी उत्तराधिकारी को दिया जाएगा.

8.5 पुरस्कार हेतु उपलब्धि वर्ष या उसके अगले वर्ष में अगर किसी खिलाड़ी प्रशिक्षक/निर्णायक को उसके खेल से संबंधित मान्यता प्राप्त राज्य या राष्ट्रीय संघ द्वारा राज्य या राष्ट्रीय चैम्पियनशिप से निष्कासित किया गया हो या उस पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई हो तो उसे संबंधित वर्ष के लिए पुरस्कार प्राप्त करने की पात्रता नहीं होगी.

9. पुरस्कार अलंकरण तिथि एवं स्थान—

यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष खेल दिवस 29 अगस्त को शासन द्वारा निर्धारित स्थान पर आयोजित अलंकरण समारोह में पुरस्कारग्राहियों को प्रदान किए जाएंगे. पुरस्कार अलंकरण तिथि में परिस्थितिवश परिवर्तन किया जा सकता है.

10. आवेदन की प्रक्रिया—

10.1 खेल संघ प्रतिवर्ष के लिए वर्ष की समाप्ति पश्चात् 30 जून तक निर्धारित प्रारुप में खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों/निर्णायकों के नाम की अनुशंसा संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण में प्रस्तुत करेंगे. निर्धारित प्रारुप परिशिष्ट अ, ब, स में संलग्न हैं, अनुशंसा पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि में परिस्थितिवश परिवर्तन किया जा सकता है.

10.2 नियमों के राजपत्र में प्रकाशन के बाद यह माना जाएगा कि अनुशंसा पत्र प्रस्तुत करने हेतु प्रत्येक वर्ष के लिए तिथि निश्चित की जाकर सर्वसाधारण को सूचित किया चुका है तथापि अंतिम तिथि की सूचना हेतु प्रतिवर्ष बिना उत्तरदायित्व के समाचार पत्रों में प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी तथा संचालनालय में पंजीकृत राज्य खेल संघों को ज्ञापन द्वारा सूचित किया जाएगा.

10.3 संबंधित खेल संघ खिलाड़ियों के लिए घोषित प्रत्येक पुरस्कारों हेतु वरीयता क्रम में अधिकतम तीन नाम तथा प्रशिक्षिकों/निर्णायकों के लिए घोषित पुरस्कार हेतु प्रशिक्षक के लिए एक तथा निर्णायक हेतु एक इस प्रकार अधिकतम दो नाम उनके व्यक्तिगत विवरण एवं उपलब्धियों के साथ अग्रेषित कर सकेंगे.

10.4 पुरस्कार हेतु अग्रेषित किए गए खिलाड़ियों/निर्णायकों/प्रशिक्षकों के नामों की सूचना, राज्य खेल संघ उनसे संलग्न सभी इकाइयों एवं संबंधित खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों/निर्णायकों को यथा समय सूचित करेंगे या सार्वजनिक रूप से प्रकाशित करेंगे ताकि उस खेल से संबंधितों को यथा समय उक्त जानकारी प्राप्त हो सके.

10.5 यदि किसी भी स्तर पर यह अनुभव किया जाए कि खेल संघ द्वारा अग्रेषित किए गए नाम के खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों/निर्णायक से किसी अन्य खिलाड़ी/प्रशिक्षक/निर्णायक के पास तुलनात्मक रूप से अधिक उपलब्धियां है तो तत्संबंधी विवरण लेख करते हुए निर्धारित प्रारुप में उसका व्यक्तिगत विवरण आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के 7 दिवस पश्चात् तक संचालनालय में प्रस्तुत किया जा सकेगा. संचालनालय को ऐसे आवेदन विचारार्थ स्वीकार करने का अधिकार होगा.

10.6 यदि कोई अनुशंसा पत्र निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होता है, तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही उसे अगले वर्ष के लिए अग्रेषित किया जाएगा. इसी प्रकार निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त न होने, अपूर्ण होने की स्थिति में भी उस पर विचार नहीं किया जाएगा.

11. अनुशंसा पत्रों पर विचार की प्रक्रिया—

11.1 निर्धारित प्रपत्र में सभी प्रकार से पूर्ण, अनुशंसा पत्र प्राप्त होने के पश्चात् आवश्यकतानुसार उन्हें राज्य/राष्ट्रीय खेल संघ से प्रमाणीकरण कराया जाएगा. यदि संबंधित खेल संघ निर्धारित समय तक प्रमाणीकरण नहीं करते हैं तो विभाग स्वयं निर्णय लेने में सक्षम होगा.

11.2 प्रथम दृष्टि में उपयुक्त प्रतीत होते हुए भी, संबंधित खिलाड़ी/प्रशिक्षक/निर्णायक की उम्मीदवारी पर विचार करने के लिए संबंधित की खेल उपलब्धियों की आगे जांच पड़ताल और खोजबीन करने का अधिकार विभाग अपने पास रखता है.

11.3 पुरस्कार हेतु उपयुक्त व्यक्ति का चयन करने के लिए विभाग एक समिति का गठन करेगा जो पुरस्कार देने के लिए अंतिम निर्णय लेगी.

11.4 समिति विचारार्थ ग्राह्य सभी आवेदनों पर विचार करके पुरस्कार हेतु व्यक्ति का चयन करेगी. इस समिति का निर्णय अंतिम और सभी पर बाध्यकारी होगा तथा इसे किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती है.

12. पुरस्कार का विलोपन और रद्द करना—

12.1 यह पुरस्कार उस स्थिति में रद्द किया जा सकता है जिसमें यह पाया जाए कि यह धोखाधड़ी या मिथ्या निरूपण से प्राप्त किया गया है अथवा इसको विलोपित करने या वापिस लेने के लिए पर्याप्त वैध कारण मौजूद हैं. यह निर्णय उपर्युक्त कंडिका 11.3 में गठित समिति द्वारा किया जाएगा.

